## एक नजर में

### पीएम मोदी की ईंधन बचत अपील को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने किया आत्मसात, रेल से खंडवा रवाना



**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से आगामी एक वर्ष तक पेट्रोल-डीजल की बचत करने एवं सार्वजनिक यातायात को अपनाने की गई। अपील का समर्थन करते हुए खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील गुरुवार प्रातः बुरहानपुर रेलवे स्टेशन से महानगरी एक्सप्रेस द्वारा खंडवा के लिए रवाना हुए। ग्राम बोहरडा से वे ईवी कार से रेलवे स्टेशन पहुंचे। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने अपने प्रवास के लिए निजी वाहन के स्थान पर रेल यात्रा को प्राथमिकता देकर आमजन के बीच ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक यातायात के उपयोग का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। रेलवे स्टेशन पर उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने सांसद के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार की पहल समाज के लिए प्रेरणादायक होती है। यदि सक्षम लोग भी सार्वजनिक यातायात को अपनाएं तो पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ प्रदूषण में भी कमी लाई जा सकती है।

**प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है:-** इस दौरान सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देशहित में किए गए आह्वान को व्यवहार में उतारना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक विषय नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने आमजन से भी आवश्यकता अनुसार सार्वजनिक यातायात का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि छोटे.छोटे प्रयासों से ही देशहित में बड़े परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता वामन मोट,ज्योतिबा धड़स, विजय कारले,राजू भाई पाटीदार,दिलीप दिवेकर,रवि गावडे,विलास खोरे,भूपेन्द्र चौहान, किरण सलगर, गंगाधर मीना आदि मौजूद रहे।



### मोटर साइकिल चोर शिकारपुरा पुलिस की गिरफ्त में

**बुरहानपुर।** घटना का संक्षीप्त विवरण फरियादी रुपेश पिता प्रकाश पाटिल उम्र 35 साल निवासी ग्राम उमरदा द्वारा थाना शिकारपुरा पर हाजिर होकर रिपोर्ट की दिनांक 24/04/2026 को रात में करीबन 11 बजे मेरी मो.सा.प्लेटिना काले रंग की जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 68 झेडई 6707 मोहना नदी ब्रिज के पास सुखपुरी रोड से चोरी हो गई ।फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना शिकारपुरा पर अपराध क्र.126/2026 धारा 303,2 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को मोटरसाइकिल चोरी के आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार अज्ञात आरोपी एवं मोटर सायकल की तलाश की जा रही थीए मुखबिर सूचना एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर टिम द्वारा एक संदिग्ध समाधान पिता सुभाष बेलदार उम्र 25 साल निवासी ग्राम मैढसांगवे तह. मुक्ताईनगर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपी समाधान द्वारा बताया कि मेरे ही द्वारा मोटरसाइकिल एमपी 68 झेडई 6707 मोहना नदी ब्रिज के पास सुखपुरी रोड से चोरी की थी। आरोपी के कब्जे जैसे मोटरसाइकिल जप्त कर अन्य मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की जा रही है

### मां के साथ नहीं रहना, वो मारती है, पिता के साथ थाने पहुंची नाबालिग..., बोली : अब पापा के साथ रहूंगी

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में एक नाबालिग छात्रा ने अपनी मां के साथ रहने से इनकार कर दिया है। छात्रा ने गुरुवार को अपने पिता के साथ गणपति नाका थाने पहुंचकर मां पर मारपीट और परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद छात्रा को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की है,जब कक्षा दसवीं की छात्रा अपने पिता के साथ थाने पहुंची। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां के साथ नहीं रहना चाहती। उसके माता.पिता के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। गणपति नाका थाना सब इंस्पेक्टर सईदा शाह ने बताया कि छात्रा पिछले तीन साल से अपनी मां के साथ रह रही थी। उन्होंने कहा मम्मी उसे गुस्से में अपने साथ ले गई थी,लेकिन अब बेटी ने पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की है कि वह मां के साथ नहीं रहना चाहती और पापा के साथ रहना चाहती है। पुलिस ने दो पंचों की मौजूदगी में नाबालिग छात्रा को उसके पिता के सुपुर्द किया। पुलिस ने मां से भी बात करने और छात्रा की कॉपी, किताब व पढ़ाई का खर्च दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर, नाबालिग के पिता ने कहा कि उनकी बेटी अपनी मां के साथ नहीं रहना चाहती, इसलिए वे उसे अपने साथ ले जा रहे हैं।

### कृषक कल्याण वर्ष : प्राकृतिक हाट बाजार में



### किसानों के उत्पादों की हुई अच्छी बिक्री

**बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत एवं कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती एवं प्राकृतिक उत्पादों के विपणन के लिए निरंतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सिंधीबस्ती स्थित राजस्थान भवन के पास, जैन मंदिर के सामने आयोजित प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्राकृतिक एवं घरेलू उत्पादों का विक्रय किया गया। गुरुवार को आयोजित प्राकृतिक हाट बाजार में बिक्री हेतु भिंडी, बैंगन,अदरक, लौकी सहित विभिन्न प्रकार की सब्जियां एवं फल, हल्दी.मसाला,विभिन्न प्रकार के पाउडर,पापड़,खाखरा, केला चिप्स, मोरिंगा टैबलेट, लहसुन,हरा धनिया, चुकंदर, आंवला, पुदीना, करीपत्ता सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। इसके साथ ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के गौर उत्पादों से निर्मित शैम्पू, दंत मंजन, घी, पूजन सामग्री एवं अन्य उत्पाद भी विक्रय हेतु उपलब्ध

# बुरहानपुर के स्वास्थ्य-केला आधारित औद्योगिक विकास पर बताया विजन

## राज्यपाल मंगूभाई पटेल से विधायक अर्चना चिटनिस ने की महत्वपूर्ण मुलाकात



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भोपाल स्थित लोकभवन में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने सौजन्य भेंट कर बुरहानपुर जिले के स्वास्थ्य, जनजागरूकता, कृषि आधारित उद्योग एवं रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

भेंट के दौरान अर्चना चिटनिस ने जिले में सफलतापूर्वक संचालित 125 दिवसीय सिकल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान की उपलब्धियों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में बुरहानपुर जिले में अभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं, चिकित्सा दलों एवं विभागीय अमले द्वारा गांव.गांव पहुंचकर नागरिकों की स्क्रीनिंग एवं जनजागरूकता का कार्य किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि शासन द्वारा जिले को 86 हजार नागरिकों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने 93 हजार नागरिकों की स्क्रीनिंग कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। अभियान के दौरान कुल 324 मरीज चिन्हित हुए, जिनका नियमित उपचार एवं स्वास्थ्य निगरानी निरंतर जारी है। वर्तमान में भी जिले में लगातार स्क्रीनिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं तथा स्वास्थ्य शिविरों एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जांच हेतु प्रेरित किया जा रहा है। आरबीएसके चिकित्सा दलों द्वारा स्कूली छात्र.छात्राओं एवं गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच भी नियमित रूप से की जा रही है।

चिटनिस ने राज्यपाल को यह भी बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनुराग सोनी एवं सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ.विजेंद्र सिंह को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जिले के स्वास्थ्य अमले की प्रतिबद्धता एवं जनसेवा का प्रतीक है।

विधायक चिटनिस ने बुरहानपुर जिले के केला आधारित औद्योगिक विकास का व्यापक विजन भी राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने केले से समृद्धि.केले से सेहत के संकल्प के साथ बुरहानपुर को बनाना फूड पार्क के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जिले में कच्चे एवं पक्के केले से निर्मित खाद्य उत्पादों, केले के रस, चिप्स, स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि केले के वेस्ट मटेरियल से फर्टिलाइजर निर्माण, केले के फाइबर से कपड़ा एवं लेदर निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी बुरहानपुर नए आयाम स्थापित कर सकता है। बेहतर तकनीक आधारित डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर, रिसर्च आधारित कार्यप्रणाली तथा किसानों, उद्योगपतियों एवं शोध संस्थानों के समन्वय से जिले में बड़े स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बनाए जा सकते हैं।

> चिटनिस ने बताया कि वर्तमान में बुरहानपुर जिले में लगभग 24 से 25 हजार एकड़ क्षेत्र में केले की खेती की जा रही है। यदि व्यवस्थित प्रसंस्करण, मार्केटिंग एवं वैल्यू एडिशन की दिशा में कार्य किया जाए तो बुरहानपुर देश का अग्रणी केला आधारित औद्योगिक मॉडल बन सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बुरहानपुर केवल केले की खेती तक सीमित न रहकर कृषि आधारित उद्योग, स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद एवं नवाचार आधारित प्रसंस्करण के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान स्थापित करेगा। इस दिशा में राज्यपाल से सकारात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा की।

## मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी बत्ती



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मेंटेनेंस के कारण कई क्षेत्रों में आज सुबह बिजली बंद की जाएगी। कार्यपालन यंत्री शहर म. प्र. प. क्षे. वि.वि.कं.लि. बुरहानपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 33/11 के.व्ही.आजाद नगर उपकेन्द्र का विद्युत संबंधी आवश्यक रख.रखाव कार्य किये जाने के कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के.व्ही. गुजराती स्कूल प्रथम एवं 11 के.व्ही. गुजराती स्कूल द्वितीय फीडर का शुक्रवार को समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

जिसके अंतर्गत हनुमान साइजिंग, आलमगंज क्षेत्र, सिंधीपुरा गेट क्षेत्र, आजाद नगर चौराहा क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र, के.एल.लाईन, सोनार पट्टी, सिंधी धर्मशाला, गुजराती स्कूल, कांच मंदिर क्षेत्र, सरदार पटेल कॉलोनी, खैर खानी वार्ड इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेगें। कार्य की आवश्यकतानुसार समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

## बस स्टैंड पर शेड में बसें, यात्री तेज धूप में हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** नगर के बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में 43 डिग्री तापमान में लोग खासे परेशान हो रहे हैं। यहां दिनभर ग्रामीण क्षेत्रों से यात्री पहुंचते हैं। लोगों की मांग है कि यहां यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होना चाहिए।

यात्रियों की शिकायत है कि बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। प्रतिदिन यहां से करीब 50 गांव के रहवासियों का आना जाना रहता हैए लेकिन उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें पेड़ की छांव में बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है। नगर पालिका द्वारा ऐसी जगह पर बस स्टैंड का शेड बनाया गया है जहां आमजन नहीं, बल्कि बसें खड़ी रहती है। इससे यात्रियों को 43 डिग्री तापमान में परेशानी झेलना पड़ती है। बाहरी यात्रियों को तो पता ही नहीं रहता कि यहां बस स्टैंड हैं।

**नपा ने भर रखा है सामान:-** बस स्टैंड पर यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है, लेकिन इसमें नगर पालिका का फालतू सामान भरा पड़ा है। ऐसे में बाहर से आने वाले और बस यात्री दीवार की छांव में खुद को धूप से बचाते हुए नजर आते हैं।

**नपा ने आज तक नहीं की व्यवस्था:-** यात्रियों ने कहा कि नगर पालिका ने आज तक यहां किसी तरह की सुविधा यात्रियों को नहीं दी है। गर्मी के अलावा बारिश में भी इसी तरह यात्रियों को बस का इंतजार करते समय काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है। आसपास के ग्राम क्षेत्रों के अलावा खंडवाए बुरहानपुर की ओर बसें संचालित होती है। यात्रियों की मांग है कि नपा को यात्रियों की इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेकर जल्द इसका निराकरण करना चाहिए।

## विद्युत मंडल पेंशन एसोसिएशन की समस्या निराकरण बैठक



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु दिए गए मांग पत्र पर कंपनी प्रशासन एवं एसोसिएशन के मध्य एक मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश सिंह चौहान मुख्य महाप्रबंधक द्वारा की गई।

बैठक में 30 जून तक वेतन वृद्धि का एरियर देने, शाखाओ के लिए कक्ष आवंटन करन,पेंशनर्स पहचान पत्र जारी करने एवं स्वास्थ्य बीमा चिकित्सा योजना के फॉर्म भरने की अवधि बढ़ाना, चिकित्सा कार्ड की विसंगतियों को दुर करना तथा मध्य प्रदेश के बाहर के क्षेत्र के अस्पतालों को कैशलेस योजना में शामिल करनाए पेंशनर्स के मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चे का नाम परिवार पेंशन प्राप्त करने के लिए दस्तावेज मे प्रविष्ट करना, म.प्र.द्वारा प्रकाशित राजपत्र फरवरी 2026 जो की पेंशन नियम 2026 से संबंधित है को कंपनी द्वारा ग्राह्य करने इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में संगठन अध्यक्ष आर.सी. सोमानी एवं सचिव मनोज राणा द्वारा प्रत्येक बिंदु को विस्तार पूर्वक बताया गया एजिसे मुख्य महाप्रबंधक द्वारा संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेकर सामाधान हेतु आश्वस्त किया गया। केन्द्रीय कार्यालय से वरिष्ठ सदस्य पी.एल. मकवान, उपाध्यक्ष के.के तिवारी, संयुक्त सचिव अमरसिंह पंवार, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा तथा सभी शाखा के अध्यक्षध्सचिव रतलाम से अनिल तिवारी,अरविंद सोनी,देवास शाखा से हुकुमसिंह सायल,पंवारजी, धार से अर्जुन सिंह सिसोदिया, झाबुआ से आरडी बैरागी, नंदकिशोर राठौर, खरगोन से देवीसिंह,खंडवा से हेनरी हिरवे, बुरहानपर शाखा से उपेंद्र जैन, निर्मल शर्मा, बडवानी से अनूप जोशी, जावरा से जीपी मंडलोई, मोहम्मद रफीक के साथ साथ कंपनी की ओर से संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय उपस्थित थे।

## जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित भाजपा सरकार एवं संगठन के प्रमुख नेताओ व पदाधिकारीयों द्वारा किए गए भूमि पूजन पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बुरहानुपर का निर्माण कार्य गुरुवार को शुभ मुहूर्त में नीव भरने के साथ तेजी के साथ प्रारम्भ हो गया।

निर्माण कार्य का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला महामंत्री चिंतामन जी महाजन द्वारा निरीक्षण करते हुए निर्माण को जल्द पूरा करने की मंशा व्यक्त की। बता दे कि यह निर्माण कार्य वृंदावन डेवलपर जलगांव के इंजीनियर पलाश शाह की देखरेख में किया जा रहा हे। उपरोक्त जानकारी मुकेश गुलाबचंद पूर्वे , भाजपा जिला मीडिया प्रभारी , जिला बुरहानपुर द्वारा दी गई।



## दरगाह-ए-हकीमी प्रबंधन ने किया एसपी का सम्मान



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** दरगाह-ए-हकीमी प्रबंधन ने कार्यालय पहुंचकर नए एसपी आशुतोष बागरी का शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ कोऑर्डिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि नए एसपी ने गुरुवार को जिले का पदभार ग्रहण किया। उप प्रबंधक शेख मुस्तफा उज्जैनी द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला, मोहम्मद नूर पार्टी, दरगाह ए हकीमी के अकाउंटेंट अशोक लार्ड और ओम यादव मौजूद रहे। दरगाह ए हकीमी प्रबंधन ने नए एसपी को ऐतिहासिक दरगाह . ए. हकीमी आने का निमंत्रण भी दिया।

## नए पुलिस कप्तान आशुतोष बागरी ने पद संभाला, कहा रहेंगे सीधे संपर्क में...



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** नवागत पुलिस कप्तान आशुतोष बागरी ने गुरुवार को बुरहानपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। गृह विभाग द्वारा तबादला आदेश जारी होने के पांचवें दिन उन्होंने कार्यभार संभाला। मध्य प्रदेश गृह विभाग ने हाल ही में तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए, जिसमें आशुतोष बागरी को बुरहानपुर का नया एसपी नियुक्त किया गया। बुरहानपुर में एसपी का पद 2 मई से रिक्त था, जब तत्कालीन एसपी देवेंद्र पाटीदार का तबादला झाबुआ कर दिया गया था। कप्तान आशुतोष बागरी इससे पहले 17वीं बटालियन भिंड के कमांडेंट थे।

**45 दिन एसपी रह चुके बागरी:-** आशुतोष बागरी पहले भी 45 दिनों के लिए बुरहानपुर जिले के एसपी रह चुके हैं। उस समय उन्हें तत्कालीन एसपी देवेंद्र पाटीदार के प्रशिक्षण पर जाने के कारण प्रभार सौंपा गया था। अपने पिछले कार्यकाल के दौरानए उन्होंने गणेश पंडालों में एक नई व्यवस्था लागू की थीए जिसके तहत लोग क्यूआर कोड के माध्यम से सीधे पुलिस को शिकायतें कर सकते थे। अब अपने वर्तमान कार्यकाल में, एसपी बागरी बुरहानपुर जिले के हर थाने में क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने प्राथमिकताएं भी बताई।

उन्होने कहा कि बुरहानपुर शांत और जागरूक नागरिकों का शहर:- एसपी आशुतोष बागरी ने कहा कि बुरहानपुर एक बहुत ही शांत और जागरूक नागरिकों का शहर है।

उनकी प्राथमिकता रहेगी कि यदि कोई अपराध होता हैए तो उसका समय पर निराकरण हो और पीड़ित व्यक्ति को पुलिस के पास जाने पर राहत मिले। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने गणेश पंडालों में क्यूआर कोड लगाने के अपने पिछले प्रयास का जिक्र कियाए जिसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। अब उनका प्रयास हर थाने में क्यूआर कोड लगाने का है।

एसपी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी थाने में किसी व्यक्ति की सुनवाई नहीं होती है, तो वह क्यूआर कोड स्कैन करके अपनी समस्या बता सकता है। ऐसे मामलों में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता को फोन कर बुलाएंगे और उनकी समस्या सुनेंगे। पुलिस लोगों से मित्रवत व्यवहार करेगी, लेकिन असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर** नेपानगर और शाहपुर में मकान सूचीकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण...

## उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रगणक-पर्यवेक्षकों का हार और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर/शाहपुर।** भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण कार्य में जिले के नगरीय क्षेत्र नेपानगर एवं शाहपुर द्वारा मात्र 12 से 13 दिवस के भीतर शत.प्रतिशत कार्य पूर्ण कर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी हर्ष सिंह के मार्गदर्शन, जनगणना दल की दायित्वनिष्ठा, प्रभावी टीमवर्क एवं नागरिक सहभागिता के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

इस उत्कृष्ट कार्य के लिए चार्ज अधिकारियों द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का हार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शाहपुर अंतर्गत प्रगणक नरेन्द्र भूते द्वारा अपने एचएलबी का कार्य मात्र 4 दिवस में पूर्ण किया गया। वहीं पर्यवेक्षक श्री प्रकाश इस्के द्वारा सभी 6 एचएलबी का कार्य मात्र 10 दिवस में पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य का परिचय दिया गया। जनगणना कार्य में जिन दलों का कार्य समय से पहले पूर्ण हुआ, उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग कर कार्य को गति प्रदान की। इससे कार्य में गुणवत्ताए शुद्धता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हुई। यह जनगणना अभियान टीमवर्क और सामूहिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर ओआरएस पैकेट्स वितरित किए गए। मई माह की तेज गर्मी एवं अधिक तापमान के बावजूद जनगणना दल ने मैदानी कार्य संपादित किया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए दल द्वारा कार्य समय में आवश्यक बदलाव करते हुए प्रातः 8 बजे से 11 बजे तथा शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्य किया गया। जनगणना दल के स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चार्ज अधिकारियों द्वारा समय.समय पर ओआरएसए एनर्जी ड्रिंक एवं आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया।

**जनजागरूकता को किए प्रयास:-** मकान सूचीकरण कार्य को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए क्षेत्रों में पोस्टरए रैलियों एवं अन्य माध्यमों से नागरिकों को जागरूक किया गया। जिससे कार्य को गति मिली और निर्धारित समय से पहले लक्ष्य प्राप्त करना संभव हुआ।

**सतत मॉनिटरिंग से मिली सफलता:-** जनगणना कार्य के दौरान जिला प्रभारी विनय श्रीवास्तव, जिला योजना अधिकारी लूसिया रावत सहित अन्य अधिकारियों द्वारा समय.समय पर मैदानी निरीक्षण कर कार्य प्रगति, डेटा गुणवत्ता एवं जनगणना ऐप संचालन की समीक्षा की गई। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। सीएमओ मोहन अलावा एवं सीएमओ दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में सभी के समन्वित प्रयासों एवं टीम भावना के चलते नेपानगर एवं शाहपुर में मकान सूचीकरण कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया।